प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

वरिष्ठ लिपिक व दलाल चौदह हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 25 अक्टूबर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा मंगलवार को जयपुर डिस्कोम, सहायक अभियंता कार्यालय, राजस्व शाखा, कोटकासिम, जिला अलवर के वरिष्ठ लिपिक एवं दलाल/ठेकेदार मीटर रीडिंग, श्री नरेश कुमार व गजराज सिंह को चौदह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

श्री सचिन मित्तल, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री कमल जांगीड़ ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी आरा मशीन व दुकान के बिजली कलेक्शन की अधिक लोड़ की भरी वी.सी.आर. में अधिक राशि भरने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की। जिसमें तेरह हजार रूपये वीसीआर राशि तथा चौदह हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की।

ब्यूरो अलवर द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर जयपुर डिस्कोम, सहायक अभियंता कार्यालय, राजस्व शाखा, कोटकासिम, जिला अलवर के वरिष्ठ लिपिक, श्री नरेश कुमार व दलाल/ठेकेदार मीटर रीडिंग, श्री गजराज सिंह को चौदह हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –